शिक्षा में सूचना एवं संचार तकनीकी (आई० सी० टी०) – 2

प्रत्येक प्रश्न संख्या के अन्तर्गत दिए गए विकल्पों में से आपने जिस प्रश्न को उत्तर देने के लिए चुना है, उसके आगे बने बॉक्स पर निशान (✓) अवश्य लगाएँ अन्यथा आपका उत्तर अमान्य हो सकता है ।

लघु-उत्तर वाले प्रश्न (लगभग 100 शब्दों में उत्तर दें) ।

प्रत्येक प्रश्न के लिए अधिकतम अंक 5 है ।

1. डी० एल० एड० ओ० डी० एल० के वेबसाइट पर क्या-क्या सामग्री है और उससे आप क्या लाभ ले सकते हैं ? उदाहरण देते हुए समझाएँ । ☐

अथवा

प्रोजेक्टर के माध्यम से किसी फिल्म को दिखाने और लैपटॉप पर फिल्म को दिखाने में क्या अंतर है ? इनमें से आप अपनी कक्षा में किसका इस्तेमाल करना चाहेंगे और क्यों ? ☐

---

2. शिक्षकों में अक्सर यह भ्रम होता है कि शिक्षण में आई० सी० टी० के संसाधनों का प्रयोग करना बहुत कठिन है । आप इस भ्रम को कैसे तोड़ेंगे ? कुछ उदाहरण देकर समझाएँ । ☐

अथवा

आपके अनुसार, प्राथमिक स्तर पर, विद्यालय में सूचना एवं संचार के किन-किन संसाधनों की व्यवस्था अवश्य होनी चाहिए है और क्यों ? ☐

3. प्राथमिक कक्षा के गणित की पाठ्यपुस्तकों से किसी एक पाठ का उल्लेख करते हुए समझाएँ कि उसके सीखने-सिखाने में आई० सी० टी० के किन तरीकों का प्रयोग किया जा सकता है ? ☐

अथवा

प्राथमिक कक्षा के अंग्रेजी की पाठ्यपुस्तकों से किसी एक पाठ का उल्लेख करते हुए समझाएँ कि उसके सीखने-सिखाने में आई० सी० टी० के किन तरीकों का प्रयोग किया जा सकता है ? ☐

---

4. आई० सी० टी० का विद्यालय के संचालन में क्या-क्या उपयोग होता है और क्या किया जा सकता है ? उदाहरण देते हुए समझाएँ । ☐

अथवा

ओपेन लर्निंग सिस्टम व ऑनलाइन लर्निंग क्या है ? इससे एक शिक्षक/शिक्षिका को क्या लाभ हो सकता है ? सोदाहरण चर्चा करें । ☐